उत्तर प्रदेश शासन
ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-2,
संख्या-6/2015/1976/92-2-15-52(जॉच)/2012
लखनऊ:: दिनांक:: 20 नवम्बर,2015

कार्यालय-ज्ञाप

ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, पी0आई0यू0-बस्ती में प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अंतर्गत पैकेज सं0-यू0पी-1538, एन0एच0-28 बस्ती फैजाबाद मार्ग से भीटी मिश्र विकास खण्ड-विक्रमजोत के चैनेज संख्या-14 से 20.05 किमी0 तक कराये गये निर्माण कार्यो में अपने दायित्वों के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता बरतने, निर्माण कार्य निर्धारित मानक एवं विशिष्टियों के अनुरूप न कराने तथा उक्त निर्माण कार्यो में की गयी शासकीय क्षति आदि अनियमितताओं में प्रथम दृष्टया उत्तरदायी पाये जाने पर शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-997/92-14-52(जॉच)/2012, दिनांक 17-02-2014 द्वारा श्री एस0एच0एम0 जैदी, तत्कालीन सहायक अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, पी0आई0यू0, बस्ती के विरूद्व उ0प्र0 सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली,1999 के नियम-7 के अंतर्गत अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित करते हुये प्रकरण की जॉच हेतु अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, परिमण्डल-फैजाबाद को पदेन जॉच अधिकारी नामित किया गया। जॉच अधिकारी/अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, परिमण्डल-फैजाबाद के पत्र दिनांक 02-07-2014 द्वारा जॉच आख्या शासन में उपलब्ध करायी गयी। जॉच अधिकारी द्वारा उपलब्ध करायी गयी जॉच आख्या में अपचारी अधिकारी श्री एस0एच0एम0 जैदी के विरूद्व अधिरोपित कोई आरोप स्थापित नही पाये गये।

2- अपचारी अधिकारी के विरूद्व अधिरोपित आरोप, जॉच अधिकारी की जॉच आख्या एवं संगत अभिलेखों के परीक्षणोपरान्त शासन द्वारा पाया गया कि अपचारी अधिकारी के विरूद्व अधिरोपित कोई आरोप स्थापित नही होता है। अपचारी अधिकारी, श्री जैदी अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर दिनांक 31-01-2015 को सेवानिवृत्त हो चुके है। अतएव शासन के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 17-02-2014 द्वारा श्री एस0एच0एम0 जैदी, तत्कालीन सहायक अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, पी0आई0यू0-बस्ती (सम्प्रति सेवानिवृत्त) के विरूद्व संस्थित अनुशासनिक कार्यवाही को एतदद्वारा समाप्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

श्री राज्यपाल के आदेश से,

डॉ0 प्रभात कुमार
प्रमुख सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-6/2015/1283(1)/92-2-2015 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।

2- श्री एस0एच0एम0 जैदी, तत्कालीन सहायक अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, पी0आई0 यू0-बस्ती (सम्प्रति सेवानिृत्त) द्वारा निदेशक एवं मुख्य अभियंता, (स्था0-1) ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।

3- ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-1

4- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(आर0पी0 सिंह)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।